समाचार विज्ञप्ति

बजट २०२३: अल्बर्टा का भविष्य सुरक्षित करना

२८ फरवरी, २०२३

आने वाले वर्ष के लिए सरकार का नया बजट अल्बर्टावासियों को लागत में मदद करेगा, रोजगार पैदा करेगा, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में सुधार करेगा, और समुदायों को सुरक्षित रखेगा।

योजना में सरकार की अपेक्षा से अधिक धन खर्च नहीं होगा।

“राजकोषीय जिम्मेदारी मायने रखती है। यह हमारी मजबूत राजकोषीय स्थिति को प्राप्त करने की कूंजी रही है," ट्रैविस टोज़, अल्बर्टा सरकार के वित्त मंत्री ने कहा।

२.३ बिलियन डॉलर सामर्थ्य उपायों पर खर्च करके यह बजट परिवारों के लिए लागत कम करेगा। इसमें छात्र ऋण के लिए कम ब्याज दर, बच्चे गोद लेने वाले परिवारों के लिए सब्सिडी, सामाजिक सेवा क्षेत्र में श्रमिकों की मजदूरी में वृद्धि और दान करने पर बड़ा कर क्रेडिट शामिल है।

बजट स्कूलों में अधिक पैसा लगाता है कि कक्षा के आकार को छोटा करने के लिए ३,००० और स्कूल कर्मचारियों को भर्ती की जाए । माध्यमिक शिक्षा के बाद, तीन वर्षों में १११ मिलियन डॉलर की वृद्धि से अधिक छात्रों को प्रौद्योगिकी और व्यवसाय सहित सबसे अधिक मांग वाले कार्यक्रमों को चुनने में मदद मिलेगी। ५९ मिलियन डॉलर, हज़ारों अधिक लाइसेंसशुदा बाल-देखभाल स्थानों और बाल-देखभाल संचालकों को नए अनुदानों के साथ-साथ माता-पिता की बाल-देखभाल की लागतों में सब्सिडी के लिए होंगे।

जनता की सुरक्षा बढ़ाने के लिए और पैसा दिया जाएगा। इसे पुलिस और सामुदायिक सेवाओं पर खर्च किया जाएगा ताकि लत लगने जैसे पीड़ित लोगों को ठीक होने और अपने जीवन को बदलने में मदद मिल सके।

सम्बंधित जानकारी

अल्बर्टा.सी ऐ/बजट

मीडिया पूछताछ

शार्लेट टेलन
charlotte.taillon@gov.ab.ca
७८०-९३२-५३८१
प्रेस सचिव, खज़ाना बोर्ड और वित्त

सरकार को वित्तीय वर्ष २०२३-२४ में राजस्व में ७०.७ बिलियन डॉलर प्राप्त होने की उम्मीद है। तेल और गैस जैसे गैर-नवीकरणीय संसाधनों की बिक्री से होने वाला राजस्व १८.४ बिलियन डॉलर होने का अनुमान है।

वित्तीय वर्ष, जो १ अप्रैल से शुरू होता है और अगले साल ३१ मार्च को समाप्त होता है, में ६८.३ बिलियन डॉलर खर्च करने की बजट योजना है। वित्तीय वर्ष के अंत में २.४ बिलियन डॉलर का अधिशेष बचा रहेगा।